**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**
**वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र (2025-26)**
**कक्षा-11**
**राजनीति विज्ञान (028)**

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

1. इस प्रश्नपत्र में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।प्रश्न पत्र पांच खंडों A, B, C, D और E में विभाजित है।
2. खंड A के प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
3. खंड B के प्रश्न संख्या 13 से 18 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए।
4. खंड C के प्रश्न संख्या 19 से 23 दीर्घ उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 120 शब्दों में लिखिए।
5. खंड D के प्रश्न संख्या 24 से 26 गद्यांश, कार्टून और मानचित्र आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर तदनुसार दीजिए।
6. खंड E के प्रश्न संख्या 27 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 170 से 180 शब्दों में लिखिए।
7. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए ।
8. इसके अतिरिक्त, कृपया ध्यान दें कि कार्टून , मानचित्र आदि वाले प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए एक अलग प्रश्न प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों को केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों द्वारा ही हल किया जाना है।

## खंड-A (12x1=12 अंक)

1. निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए: 1

   I. भारत स्वतंत्र हुआ

   II. संविधान सभा की पहली बैठक हुई

   III. संविधान सभा ने संविधान को अंगीकार किया

   IV. संविधान लागू हुआ

   विकल्प:

   (A) (i), (ii), (iii), (iv)
   (B) (ii), (iv), (i), (iii)
   (C) (ii), (i), (iii), (iv)
   (D) (iv), (iii), (ii), (i)

2. निम्नलिखित प्रश्न में अभिकथन (A) के बाद कारण (R) का कथन दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए: 1

   अभिकथन (A): राष्ट्रीय नागरिकता की अवधारणा यह मानती है कि हमारा राज्य हमें वह सुरक्षा और अधिकार प्रदान कीजिए जिसकी हमें आज विश्व में सम्मान के साथ जीने के लिए आवश्यकता है।
   कारण (R): वैश्विक नागरिकता की धारणा यह है कि इससे राष्ट्रीय सीमाओं के पार फैली समस्याओं से निपटना आसान हो सकता है।

   विकल्प:

   (A) A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
   (B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
   (D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

3. 'ए लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं? 1

   (A) महात्मा गांधी
   (B) नेल्सन मंडेला
   (C) मार्टिन लूथर किंग जूनियर
   (D) जवाहरलाल नेहरू

4. भारत में कौन-सा चुनाव प्रत्यक्ष रूप से नहीं होता? 1

   (A) लोकसभा चुनाव
   (B) विधानसभा चुनाव
   (C) राज्यसभा चुनाव
   (D) ग्राम पंचायत चुनाव

5. कॉलम 'A' में दिए गए शब्दों को कॉलम 'B' में दिए गए सही अर्थ ढंग से मिलाएं और सर्वोचित उत्तर का विकल्प चुनिए: 1

| | स्तंभ 'ए' | स्तंभ 'बी' |
|---|---|---|
| I | जन्मसिद्ध नागरिकता | (i) कानूनी मानदंड पूरा करने के बाद दी गई। |
| II | अर्जित नागरिकता | (ii) माता-पिता की राष्ट्रीयता के माध्यम से अर्जित। |
| III | दोहरी नागरिकता | (iii) दो राष्ट्रों की नागरिकता को मान्यता देना। |
| IV | वंश द्वारा नागरिकता | (iv) किसी देश में जन्म लेने से अर्जित। |

विकल्प:

(A) I-(ii), II-(iv), III-(iii), IV-(i)
(B) I-(iv), II-(i), III-(iii), IV-(ii)
(C) I-(ii), II-(i), III-(iv), IV-(iii)
(D) I-(iv), II-(ii), III-(iii), IV-(i)

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, सही विकल्प चुनिए: 1
कथन 1: स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब सभी को समान स्वतंत्रता प्राप्त हो।
कथन 2: स्वतंत्रता का प्रयोग दूसरों की स्वतंत्रता में बाधा डाले बिना किया जाना चाहिए।
(A) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं
(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं
(C) कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है
(D) कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है

7. संविधान में संशोधन की शक्ति किसे प्राप्त है? 1

(A) केवल राष्ट्रपति
(B) संसद
(C) सर्वोच्च न्यायालय
(D) राज्य सरकार

8. नीचे दिए गए विकल्पों में से गलत जोड़ी को पहचान कर सही उत्तर लिखिए। 1
(A) संविधान सभा के अध्यक्ष – डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(B) प्रारूप समिति के अध्यक्ष – डॉ. भीमराव अंबेडकर
(C) संविधान की आत्मा – प्रस्तावना
(D) संविधान की भाषा – संस्कृत

9. संविधान को जीवंत दस्तावेज़ बनाने का क्या अर्थ है? 1

(A) इसमें समाज और समय के अनुरूप परिवर्तन संभव होना
(B) इसमें संशोधन की मनाही होना
(C) इसमें केवल एक बार संशोधन होना
(D) इसका केवल राजनीति तक सीमित रहना

10. किस प्रकार के अधिकार नागरिकों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर देते हैं? 1
(A) नैतिक अधिकार
(B) कानूनी अधिकार
(C) सामाजिक अधिकार
(D) धार्मिक अधिकार

11. भारत में मताधिकार का सिद्धांत किस पर आधारित है? 1
(A) संपत्ति आधारित मतदान
(B) शिक्षा आधारित मतदान
(C) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(D) धर्म आधारित मतदान

12. मानवाधिकार का सबसे बड़ा उद्देश्य क्या है? 1

(A) मानव गरिमा की रक्षा करना
(B) राज्य को सशक्त बनाना
(C) समाज में विभाजन करना
(D) नागरिकों को सीमित करना

**खंड-B (6x2=12 अंक)**

13. सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार क्यों महत्वपूर्ण हैं? 2

14. राष्ट्रवाद का संबंध स्व-निर्णय के सिद्धांत से कैसे है? 2

15. भारत के संविधान के कौन कौन से प्रावधान सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करते है? 2

16. न्यायपालिका मौलिक अधिकारों की रक्षा कैसे करती है? 2

17. भारतीय संविधान की प्रस्तावना को "संविधान की आत्मा" क्यों कहा जाता है? 2

18. भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता क्यों आवश्यक है? 2

## खंड-C(5x4=20 अंक)

19.राजनीतिक समानता और आर्थिक समानता में अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

20. राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाने वाले चार कारकों की व्याख्या कीजिए। 4

21. (क) “भारत में निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता सुनिश्चित है”। कथन के समर्थन में कोई चार बिंदु लिखिए। 4

अथवा

(ख)भारत में चुनाव सुधार से संबंधित कोई चार प्रमुख प्रस्ताव सुझाइए। 4

22. (क) राजनीतिक सिद्धांत के कोई चार मुख्य उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

(ख) राजनीतिक सिद्धांत का अध्ययन क्यों आवश्यक है? किन्हीं चार बिंदुओं द्वारा स्पष्ट कीजिए। 4

23. स्थानीय सरकारों को सशक्त बनाने के लिए भारतीय संविधान में दिए गए किन्हीं चार प्रावधानों का वर्णन कीजिए। 4

## खंड-D (3x4=12 अंक)

24. नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+1+1+1=4




*स्रोत-एनसीईआरटी कक्षा 11: भारत का संविधान : सिद्धांत और व्यवहार*

1. चित्र में दिखाए गए नेता किसका प्रतीक हैं? 1

   (A) यूरोपीय संघ के सदस्य देश
   (B) भारत की संविधान सभा
   (C) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद
   (D) नाटो संगठन

2. इस कार्टून के माध्यम से कौन-सा लोकतांत्रिक मूल्य झलकता है? 1

   (A) असहमति और बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है
   (B) संविधान केवल शक्तिशाली देशों के लिए है
   (C) एकता केवल कानून से लायी जा सकती है
   (D) बहस लोकतंत्र को कमजोर करती है

3. यूरोपीय संविधान की विफलता से क्या शिक्षा मिलती है? 1

   (A) राजनीतिक एकता बिना जनता की सहमति के संभव नहीं
   (B) आर्थिक शक्ति से सब कुछ संभव है
   (C) यूरोप लोकतंत्र में विश्वास नहीं करता
   (D) यूरोप के किसी एक देश को ही निर्णय लेना चाहिए

4. भारतीय संविधान यूरोपीय संविधान की निर्माण प्रक्रिया से बेहतर कैसे है? 1

   (A) भारतीय संविधान जनता की भागीदारी, लोकतांत्रिक बहस और सर्वसम्मति से बनाया गया था।
   (B) भारतीय संविधान केवल नेताओं के बीच गुप्त समझौते से तैयार हुआ था।
   (C) यूरोपीय संविधान में सभी देशों की पूर्ण सहमति थी।
   (D) भारतीय संविधान विदेशी विशेषज्ञों द्वारा बिना बहस के लिखा गया था।


प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं 1+1+1+1=4

I. भारत का संविधान कब लागू हुआ?
II. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?
III. संविधान पर कितने सदस्यों ने हस्ताक्षर किये?
IV. कौन सा दस्तावेज़ भारत का सर्वोच्च कानून है?

25. भारत के दिए गए राजनीतिक रूपरेखा मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। द्विसदनीय विधायिका वाले इन राज्यों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में संबंधित वर्ण के साथ नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए: 1+1+1+1 = 4

| प्रयुक्त जानकारी के लिए क्रमांक | मानचित्र में संबंधित वर्ण | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| I | | |
| II | | |
| III | | |
| IV | | |

1. वह राज्य जहाँ की आबादी सबसे अधिक है
2. वह राज्य जिसकी राजधानी मुंबई है
3. राज्य जहाँ नालंदा स्थित है
4. वह राज्य जिसकी राजधानी बेंगलुरु है




नोट: प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों हेतु दिए गए हैं।

निम्नलिखित का उत्तर दीजिए: 1+1+1+1 = 4

I. दो सदनों वाले विधायिका के लिए क्या शब्द प्रयुक्त होता है?
II. दो भारतीय राज्यों के नाम बताइए जिनमें द्विसदनीय विधायिका है।
III. वर्तमान में कितने भारतीय राज्यों में द्विसदनीय विधायिका है?
IV. भारत के किस राज्य ने हाल ही में अपनी विधान परिषद को समाप्त कर दिया था?

26. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए।

1+1+1+1= 4

अज्ञानता का कल्पित आवरण ओढ़ना उचित कानूनों और नीतियों की प्रणाली तक पहुँचने का पहला कदम है।इससे यह प्रकट होगा कि विवेकशील मनुष्य न केवल सबसे बुरे सन्दर्भ के मद्देनज़र चीज़ों को देखेंगे, बल्कि वे यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि उनके द्वारा निर्मित नीतियाँ समग्र समाज के लिए लाभप्रद हों।दोनों चीज़ों को साथ-साथ चलना है।चूँकि कोई नहीं जानता कि वे आगामी समाज में कौन-सी जगह लेंगे, इसलिए हर कोई ऐसे नियम चाहेगा जो,अगर वे सबसे बुरी स्थिति में रहने वालों के बीच पैदा हों, तब भी उनकी रक्षा कर सकें।लेकिन उचित तो यही होगा कि वे यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश करें, कि उनके द्वारा चुनी गई नीतियाँ बेहतर स्थिति वालों को कमज़ोर न बना दें, क्योंकि यह सम्भावना भी हो सकती है कि वे खुद भविष्य के उस समाज में सुविधा संपन्न स्थिति में पैदा हों।इसलिए, यह सभी के हित में होगा कि निर्धारित नियमों और नीतियों से सम्पूर्ण समाज को फायदा होना चाहिए, किसी एक खास हिस्से का नहीं।यहाँ निष्पक्षता विवेक-सम्मत कार्यवाही का परिणाम है, न कि परोपकार या उदारता का।इसलिए, रॉल्स तर्क देते हैं कि नैतिकता नहीं बल्कि विवेकशील चिंतन हमें समाज में लाभ और भार के वितरण के मामले में निष्पक्ष होकर विचार करने की ओर प्रेरित करता है।"

I) जॉन रॉल्स के अनुसार "अज्ञानता का कल्पित आवरण ओढ़ना" किसकी ओर संकेत करता है? 1
(A) किसी विषय की जानकारी न होना
(B) निष्पक्षता के साथ निर्णय लेने की स्थिति
(C) समाज के सबसे अमीर लोगों की रक्षा
(D) सरकार की नीति बनाने की प्रक्रिया

II) "अज्ञानता का आवरण" का उद्देश्य क्या है? 1
(A) समाज की असमानता को बनाए रखना
(B) उचित कानूनों और नीतियों तक पहुँचना
(C) वर्ग संघर्ष उत्पन्न करना
(D) समाज से धर्म को अलग करना

III) रॉल्स का सिद्धांत किस प्रकार के समाज की कल्पना करता है? 1
(A) वर्ग–विभाजित समाज
(B) निष्पक्ष और समान अवसर वाला समाज
(C) धार्मिक और सामंती समाज
(D) पूँजीवादी समाज

IV) रॉल्स के अनुसार व्यक्ति को नीतियाँ बनाते समय क्या ध्यान रखना चाहिए? 1
(A) केवल अपने लाभ का
(B) समाज के सभी वर्गों का
(C) राज्य के हितों का
(D) केवल भविष्य की पीढ़ियों का

## खंड-E (4X6=24 अंक)

27. (क) 'भारतीय संविधान प्रकृति में संघीय है, लेकिन भावना में एकात्मक है।' भारतीय संविधान के उन प्रावधानों का वर्णन कीजिए जो केंद्र सरकार को अधिक शक्तिशाली बनाते हैं। 6

अथवा

(ख) केन्द्र-राज्य संबंधों के बीच तनाव और संघर्ष के किन्हीं तीन मुद्दों का वर्णन कीजिए।

(3X2=6)

28. (क) धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित कीजिए। भारतीय धर्मनिरपेक्षता पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता से किस प्रकार भिन्न है? (2+4=6)

अथवा

(ख) भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को किस प्रकार स्थापित किया गया है? चार बिंदुओं में समझाइए। (4X1.5=6)

29. (क) स्वतंत्रता को परिभाषित कीजिए। स्वतंत्रता की नकारात्मक और सकारात्मक अवधारणाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। (2+4=6)

अथवा

(ख) जे.एस. मिल द्वारा दिए गए 'हानि सिद्धांत' के संबंध में स्वतंत्रता पर हानिकारक बाधाओं के मानदंडों का वर्णन कीजिए। 6

30. (क) भारत के प्रधानमंत्री को "वास्तविक कार्यपालिका का प्रमुख" क्यों कहा जाता है? प्रधानमंत्री की भूमिका और शक्तियों का वर्णन कीजिए। (2+4=6)

अथवा

(ख) भारत में नौकरशाही की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।नौकरशाही जनता के प्रति उत्तरदायी कैसे हो सकती है? (4+2=6)